तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 10 दिसंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 पीएम आवास योजना की वेबसाइट ठप, किस्तें अटकीं





14 युवा महोत्सव में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा




99.97 प्रतिशत मतदाताओं की जानकारी अपलोड, 11 दिसंबर तक कार्य शत-प्रतिशत करने का लक्ष्य

# एसडीएम करेंगे आठ हजार मतदाताओं का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

मतदाता सूची पुनरीक्षण के पहले चरण का कार्य 99.97 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। 11 दिसंबर तक इस काम को कम्पलीट करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद सत्यापन का काम शुरू होगा। जिन मतदाताओं या पालकों के नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं है, उनका सत्यापन एसडीएम के माध्यम से किया जाएगा।

हर चुनाव में फर्जी मतदान का आरोप प्रत्यारोप लगता है। इस आरोप प्रत्यारोप को समाप्त करने के लिए निर्वाचन आयोग पूरे प्रदेश में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का काम कर रहा है। इसके तहत निर्वाचन नामावली नए सिरे से तैयार की जाएगी। गहन पुनरीक्षण का काम आसान नहीं है। इसके पहले चरण में बीएलओ के पसीने छूट गए। फिर भी उन्होंने हर परेशानी को झेलते हुए काम को सफलतापूर्वक कर दिखाया। कई चूक और गलतियां भी हुईं, जिसे समय से पहले सुधार लिया गया। सुबह से रात तक बीएलओ इसी काम में जुटे रहे, जिसका अच्छा परिणाम आया है। शहर व ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर जाकर पंजीकृत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का संग्रहण एवं डिजिटलाइजेशन का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। निर्वाचन शाखा से मिली जानकारी के अनुार जिले में मतदाताओं की जानकारी को डिजिटाइजेशन करने का काम 99.97 प्रतिशत किया जा चुका है। बचे हुए मतदाताओं की जानकारी भी 11 दिसंबर पर ऑनलाइन अपलोड कर दी जाएगी।



### इन मतदाताओं का होगा सत्यापन


जिले में 6 लाख 47 हजार 147 मतदाता हैं। इसमें से 6 लाख 46 हजार 937 मतदाताओं का डेटा डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। इन मतदाताओं में करीब 8 हजार मतदाता ऐसे हैं, जिनका खुद का या परिजनों का नाम 2003 की मतदाता सूची में शामिल नहीं है। इन मतदाताओं का सत्यापन एसडीएम करेंगे। इसके बाद दावा आपत्ति मंगाई जाएगी और दावा आपत्ति का निराकरण किया जाएगा। नए मतदाताओं का नाम जोड़ा जाएगा तब जाकर मतदाता सूची नए कलेवर में तैयार होगी। 7 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## धमतरी में 10 जनवरी से अग्निवीर भर्ती रैली

- तैयारियों का आर्मी के ब्रिगेडियर ने लिया जायजा

**धमतरी।** जिले में आगामी 10 जनवरी से आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसकी तैयारियों का जायजा लेने आर्मी के ब्रिगेडियर डीडीजी संजय शर्मा इंडोर स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने इंडोर स्टेडियम तथा मैदान परिसर में की गई व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। श्री शर्मा ने बताया कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य की अग्निवीर भर्ती का मुख्य केंद्र धमतरी जिला रहेगा, जिसके चलते बड़े पैमाने पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने, रनिंग ट्रैक एवं ग्राउंड की स्थिति, युवाओं के लिए अस्थायी ठहराव व्यवस्था, पंजीयन स्थल, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा एवं चिकित्सा प्रबंध का बारीकी से निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कर्नल अरूण एवं एसडीएम पीयूष तिवारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण का लाभ लेकर आगामी भर्ती रैली में भाग लें और अपने करियर को नई दिशा दें।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल



**धमतरी।** दशगात्र कार्यक्रम से लौट रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। घटना में युवक के सिर पर गंभीर चोट लगी है। परिजनों के अनुसार सेउकराम साहू पिता झाडूराम उम्र 32 वर्ष ग्राम सरोना रायपुर निवासी अन्य रिश्तेदारों के साथ मोटर साइकिल से दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम जंवरतला आया था। कार्यक्रम के बाद शाम को साथी लोग बाइक से वापस सरोना लौट रहे थे। सेउकराम भी उसके पीछे बाइक चलाते हुए जा रहा था। इसी दौरान बटरेल-जंवरतला मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। घटना में युवक घायल हो गया। उसके सिर पर गंभीर चोट लगी है। साथी रिश्तेदार घायल युवक को नजदीकी अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रिफर कर दिया गया। संजीवनी 108 एम्बुलेंस से घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

## परसुली में 22 को घासीदास जयंती समारोह

**धमतरी।** ग्राम परसुली में 22 दिसम्बर को गुरु घासीदास जयंती मनाई जाएगी। मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर होंगे। अध्यक्षता दयाराम साहू पूर्व महामंत्री प्रदेश साहू संघ करेंगे। विशिष्ट अतिथि गीतेश्वरी साहू जनपद सदस्य, अज्जू देशलहरे पार्षद दानीटोला धमतरी, राजेंद्र भारती ब्लॉक अध्यक्ष सतनामी समाज धमतरी, भगवान सिंग सोनवानी ब्लॉक सचिव सतनामी समाज धमतरी, सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, उपसरपंच घनश्याम बांधे, सचिव सोहद्रा सोनवानी, तोमेश्वर निषाद अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, विश्राम डहरिया, दरवन डहरिया होंगे। सतनामी समाज के अध्यक्ष अनिरुद्ध बांधे व सचिव राजेश बंजारे ने ग्रामवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## जिंदा पैंगोलिन के साथ दो तस्कर पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

विलुप्ति की कगार पर खड़े पैंगोलिन की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को रिजर्व फारेस्ट की एंटी पोचिंग टीम ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक जिंदा पैंगोलिन बरामद किया गया है। आरोपियों को उमरकोट के न्यायालय में पेश किया गया।

रविवार को रिजर्व फारेस्ट क्षेत्र में उमरकोट से लगे ढोर्रा और सिगलीगोदरा के बीच 2 व्यक्ति को 1 नग जिंदा पैंगोलिन (सालखपरी) की अवैध तस्करी करते हुए एंटी पोचिंग टीम ने पकड़ा। वन मंत्री केदार कश्यप, अरुण पांडेय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर छत्तीसगढ़, श्रीमती सतोविशा समाजदार मुख्य वनसंरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व रायपुर छत्तीसगढ़ एवं वरुण जैन उपनिदेशक उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में वाईल्ड लाइफ जस्टिस कमीशन इंडिया से प्राप्त सूचना के आधार पर एन्टी पोचिंग टीम ने उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद और वनमंडल नवरंगपुर (उड़ीसा) स्टॉफ के साथ संयुक्त रुप से टीम गठित की। इस टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए 2 व्यक्ति को 1 नग जिंदा पैंगोलिन (सालखपरी) की अवैध तस्करी करते हुए पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम गोपाल उम्र 42 वर्ष पिता लुच निवासी ग्राम सिमलीगोदरा (उड़ीसा) और मनोज उम्र 30 वर्ष पिता नांदो निवासी मलकीगुड़ा (उड़ीसा) बताया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा के तहत कार्रवाई की गई है। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। इस कार्रवाई में गरियाबंद पुलिस साइबर सेल प्रभारी सतीश यादव, सहायक संचालक उदंती एवं नोडल एन्टीपोचिंग गोपाल कश्यप, सहायक संचालक सीतानदी भोपाल सिंह राजपूत, वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उदंती चन्द्रबली ध्रुव, विजय खुंटे एवं एन्टी पोचिंग टीम उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद और वाईल्ड लाइफ जस्टिस कमीशन इंडिया एवं वनमंडल नवरंगपुर (उड़ीसा) स्टाफ का योगदान रहा।






हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर कलब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांदर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांदर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. बुल्का साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रद्युम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण** – 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिया साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण**– 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरानंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**– 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


## पुलिस जवान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- रावनगुड़ा की घटना, पुलिस लाइन में पदस्थ था

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक ने अपने गृहग्राम के मकान में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार नकुलराम ध्रुव उम्र 32 वर्ष ग्राम रावनगुड़ा थाना अर्जुनी निवासी जिला पुलिस में आरक्षक के पद पर पदस्थ था। इन दिनों उसकी पोस्टिंग पुलिस लाइन धमतरी में थी। जवान धमतरी में किराये के मकान में परिवार सहित रहता था। वह बीते कुछ दिनों से ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहा था। रविवार की शाम 6 बजे जवान अपनी पत्नी को बाल कटवाने जाने की बात कहकर धमतरी के घर से निकला था, जो रात्रि तक घर नहीं लौटने पर पत्नी ने फोन पर बात की थी। इस दौरान आरक्षक ने फोन पर पत्नी को आप लोग खाना खा लो कहा था। फोन पर बात होने के बाद भी आरक्षक रातभर घर नहीं लौटा। सोमवार की सुबह पत्नी ने फिर आरक्षक को फोन किया, लेकिन उसकी तरफ से फोन नहीं उठाया गया। पति से संपर्क नहीं हो पाने से चिंतित पत्नी ने अपने मायके में संपर्क किया, लेकिन आरक्षक का पता नहीं चल पाया। उसके बाद गृहग्राम रावनगुड़ा में पता किया। जहां सोमवार की सुबह 9 बजे आरक्षक को देखे जाने की जानकारी मिली। इस संबंध में पत्नी ने गांव के कुछ लोगों से जानकारी ली तो पता चला कि आरक्षक नकुलराम गांव के घर में गेरवानुमा नाइलोन रस्सी के फंदे पर फांसी लगा ली है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। अर्जुनी पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को वरदान एम्बुलेंस संस्था की मदद से जिला अस्पताल के चीरघर भेज दिया। मंगलवार की शाम तक पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। आरक्षक द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।



### जांच चल रही है : सीएसपी

सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने मीडिया को बताया कि नकुलराम ध्रुव लाइन में आरक्षक था। बीते कुछ दिनों से वह गैरहाजिर चल रहा था। मंगलवार को पड़ोसी ने जाकर देखा तो आरक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। दो दिन से वह घर पर अकेला था। अभी जांच चल रही है।


सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर




ऑनलाईन स्पेशल ₹445 प्रति पीस वाली

फिटेड विथ इलास्टिक सिंगल बेडशीट

आकर्षक प्रिंट एवं डिजाईन में

₹449 में

5 सिंगल बेडशीट सेट की कीमत मात्र ₹449 में

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक..... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 1 सेट दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.


रूद्री रोड, धमतरी

*condition apply

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक में सतनाम संदेश शोभायात्रा 12 से निकलेगी

**मगरलोड।** सतनामी समाज ब्लाक मगरलोड द्वारा इस वर्ष भी सतनाम संदेश शोभायात्रा 12 दिसंबर से निकाली जायेगी। इसका मुख्य उद्देश्य गुरु घासीदास बाबा के सत्य, एकता



और समानता के संदेश को लोगों तक पहुंचाना है। 12 दिसंबर को मधुबनधाम रांकाडीह से प्रातः 9 बजे गुरु घासीदास बाबा व जोड़ा जैतखाम की पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। इसी दिन ग्राम रांकाडीह, भोथीडीह, चारभाठा, परसवानी, मगरलोड, भैसमुडी, सोनपैरी, मोहेरा, अंजोरा मोहंदी, 13 दिसंबरशनिवार को ग्राम जामली, राजपुर, सरगी, डाभा, करेलीछोटी, मेघा, बेलौदी, हरदी, धौराभाठा, परसट्ठी, नहरडीह, चंदना व 14 दिसंबर क चुचरूंगपुर, कोरगांव, दूधवारा, शुक्लाभाठा, गाड़ाडीह, नवागांव, खिसोरा, हसदा, मोतीमपुर, करेलीबड़ी, भेण्डरी के बाद मधुबनधाम में पूजा-अर्चना की जायेगी। यह जानकारी ब्लाक अध्यक्ष चंद्रकला बंजारे व सचिव देवनारायण चेलक ने दी है।

### निषाद समाज के नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 28 को

- प्रदेश के चार संभाग में होगा मतदान

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निषाद (केंवट) समाज की बैठक कोहका भिलाई में प्रदेश अध्यक्ष एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद की अध्यक्षता में हुई। बीरेंद्र कुमार निषाद जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष के साथ सभी पदों पर चुनाव कराने पर निर्णय लिया गया। नामांकन 11 और 12 दिसंबर को लिया जाएगा। मतदान 28 दिसंबर को 4 संभाग अंतर्गत केंद्रीय कार्यालय कोहका भिलाई, जिला रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर कार्यालय में मतदान किया जाएगा। महासमुंद के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवि निषाद को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पीके निषाद, सोनीराम निषाद, विजयलाल निषाद, भोज प्रसाद निषाद, रामकुमार निषाद, बसंत लारिया, सोहन सोहनलाल निषाद, बंशीलाल निषाद, लखनलाल निषाद को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह जानकारी जिलाध्यक्ष चन्दूलाल निषाद, उपाध्यक्ष हरकराम निषाद, महासचिव नारायण निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

### कुकरेल-कुर्रीडीह-बासीखाई मार्ग की मरम्मत शुरू

- ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर आवागमन की सुविधा

**नगरी।** कुकरेल-कुर्रीडीह-बासीखाई मुख्य मार्ग में 9 किलोमीटर तक पैच रिपेयरिंग कार्य शुरू हो गया है। लंबे समय से खराब सड़क के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। अब मरम्मत कार्य शुरू होने से लोगों में खुशी का माहौल है। निर्माण दल द्वारा जगह–जगह गड्ढों को भरकर सड़क को समतल किया जा रहा है। मशीनों और श्रमिकों की टीम तेजी से काम में जुटी है, जिससे जल्द ही मार्ग सुगम और सुरक्षित बनने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क सुधरने से न सिर्फ यातायात सुचारू होगा, बल्कि किसानों, छात्रों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया है।

बार-बार विरोध के बाद भी प्रशासन मौन

# मुख्य सड़क पर शराबियों का जमघट

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ब्लॉक मुख्यालय पहुंच मार्ग की मुख्य सड़क पर शराबियों की भीड़ से आवागमन बाधित हो रहा है। बार-बार विरोध करने के बाद भी प्रशासन मौन है।

ज्ञात हो कि ब्लॉक मुख्यालय के समीप मुख्य सड़क किनारे देसी विदेशी शराब दुकान संचालित है। सुबह 9 बजे से देर रात्रि तक शराबियों का सड़क पर जमघट लगा रहता है। सड़क किनारे शराब दुकान होने के कारण चखना सेंटर, ठेला भी सड़क किनारे लग रहा है। ब्लॉक मुख्यालय होने की वजह से सुबह से शाम तक लोगों का आवागमन होता है। सोमवार को मगरलोड और शुक्रवार को भैंसमुंडी का साप्ताहिक बाजार लगता है। शिशु मंदिर से लेकर स्कूल, कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं का आना-जाना होता है। सरकारी कार्य एवं साप्ताहिक बाजार से सब्जी भाजी एवं दैनिक उपयोग की सामग्री खरीदने के लिए महिलाओं का आना-जाना होता है। महिलाओं सहित स्कूली, कॉलेज अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को शराब भट्टी के पास गुजरना एक चुनौतीपूर्ण होता है।



### विधानसभा सत्र में उठाया था मुद्दा



सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने विधानसभा के पिछले सत्र में शराब का मुद्दा जोर- शोर से उठाया था। विधायक ने आबकारी मंत्री को बताया कि मगरलोड ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम भरदा के समीप सड़क किनारे देसी विदेशी शराब दुकान संचालित है। शराबियों की भीड़ सड़क पर होने से स्कूली छात्र छात्राओं पर गलत प्रभाव पड़ रहा है, जिसे अतिशीघ्र स्थानांतरित किया जाए। आबकारी मंत्री के आश्वासन देने के बाद भी समस्या ज्यों की त्यों हैं। विधायक ने राज्य सरकार को कोसते हुए कहा कि सरकार अपना राजस्व बढ़ाने नई- नई शराब दुकान खोल रही है। सरकार को आमजनता की समस्या

### कार्रवाई नहीं

ब्लॉक मुख्यालय में पुलिस थाना, तहसील कार्यालय, तहसील में लिंक कोर्ट, स्कूल, कॉलेज, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सालय, कृषि विभाग सहित समस्त विभाग संचालित है। सड़क पर शराबियों की भीड़ से आवागमन की समस्या से अवगत होने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी मौन है।


### महिलाएं व बच्चे हो रहे शर्मसार

सड़क किनारे शराबी पीने-पिलाने का कार्य जोरों पर चल रहा है। शराब खरीदने तथा शराब पीने का काम सड़क पर हो रहा है, जिसे देखकर महिलाएं व बच्चे शर्म के मारे झुककर चलने मजबूर हैं। सड़क पर शराबखोरी शर्म की बात है। सामाजिक बुराई माने जाने वाला कार्य खुलेआम हो रहा है।

### सड़क के दोनों छोर में लग रहे चखना सेंटर व ठेले

शराब भट्टी मगरलोड के आसपास चखना सेंटर, ठेलों का जमावड़ा लगा रहता है। रोजाना शाम होते ही लगभग 10 से 12 चखना ठेला सड़क किनारे लग जाते हैं। यह आमजनता के लिए मार्ग बाधित कर रहा है।

## सशिमं मड़ईभाठा में अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

सरस्वती शिशु मंदिर मड़ईभाठा में अर्धवार्षिक परीक्षा 8 दिसंबर से शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन विद्यार्थियों में विशेष उत्साह, अनुशासन और परीक्षा के प्रति गम्भीरता देखने को मिली। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियां पूर्व में ही पूरी कर ली गई थीं, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संचालित हो सकी। परीक्षा व्यवस्था में सभी आचार्य-दीदियों ने सहभागिता निभाते हुए छात्रों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को एकाग्रता और मनोयोग से अध्ययन कर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने की प्रेरणा दी।

## चित्रकार बसंत का नपा अध्यक्ष ने किया सम्मान



**कुरूद।** कुरूद के गौरव व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित बसंत साहू को दिल्ली में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, जनप्रतिनिधि मिथिलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, कुरूद के वृहत्ताकार सोसाइटी अध्यक्ष प्रभात बैस ने शाल, श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंटकर उनका सम्मान किया।

## अपने बच्चों को नई चुनौतियों के लायक तैयार करे समाज : अजय

- विधायक ने मोंगरा में सेन समाज के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्राम पंचायत मोंगरा में सेन समाज के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों को अपने बच्चों को शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के बारे में सोचने और आने वाले दौर के लिए नई जनरेशन को तैयार करने की बात कही।कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री चन्द्राकर ने कहा कि भौतिक चीजें तो समय के साथ बदलती रहेंगी। सड़क-नाली, बिल्डिंग जैसे काम में फोकस करने के बदले हमें अपने बच्चों को बेहतर भविष्य देने के बारे में सोचना चाहिए। विकास का जिम्मा मेरा है। उन्होंने कहा कि सेन समाज पारम्परिक रूप से सेवा क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, लेकिन समय के अनुरूप समाज में बदलाव आया है अच्छी शिक्षा और क्षमता विकास के लिए क्षेत्र में इसके लिए कुरुद क्षेत्र में कई संस्थान स्थापित किए गए हैं। जहां हम अपने बच्चों को भेज नई चुनौतियों के लायक तैयार कर सकते हैं। आज के दौर में सभी को नौकरी मिलना संभव नहीं है, इसलिए स्किल डेवलपमेंट के सहारे भावी पीढ़ी को तैयार करने में हमारा फोकस होना चाहिए। गांव, समाज और क्षेत्रीय विकास की जिम्मेदारी आप मुझे सौंप दें। इस अवसर पर सरपंच यमुना साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, शिवदयाल, बीरसिंग, मेवाराम साहू, कोदूराम चन्द्राकर, राजेन्द्र सेन, डोमार ध्रुव, प्रभाकर सेन, गिरधर साहू, चेतनानंद, चम्पूराम, कलिन्द्री, सुखिया बाई, गंगा, देवबती, रोहणी बाई सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।




# बाला मॉडल से बदली आंगनबाड़ी की तस्वीर, दीवारें बनीं सीखने की नई पाठशाला

- उड़ेना की नवीन आंगनबाड़ी में जीव-जंतु, पेड़-पौधों के चित्र, सीढ़ियों पर गिनती जैसी संरचनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







जिले में प्रारंभिक बाल शिक्षा को रोचक, प्रभावी और बच्चों के अनुकूल बनाने के लिए बाला (Building as Learning Aid) कॉन्सेप्ट आधारित आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण एक सफल नवाचार बनकर उभर रहा है। इस मॉडल में भवन के हर हिस्से दीवार, फर्श, खिड़की, दरवाज़ा और बाहरी परिसर को सीखने का साधन बनाया जाता है, जिससे बच्चे खेल-खेल में ज्ञान प्राप्त कर सकें। अक्षर, संख्याएं, रंग, आकार, प्रकृति और स्थानीय संस्कृति से जुड़े दृश्य प्रभाव बच्चे में जिज्ञासा बढ़ाते हैं और उनकी स्मरण शक्ति को सुदृढ़ करते हैं।

जिले में मनरेगा, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा 15वें वित्त आयोग के सहयोग से 81 बाला मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 38 केंद्र पूर्ण हो चुके हैं और शेष पर तेज़ी से कार्य जारी है। हाल ही में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने विकासखंड धमतरी के ग्राम उड़ेना में तैयार नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। लगभग 11.69 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह केंद्र बाला कॉन्सेप्ट का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करता है। दीवारों पर स्थानीय जीवन, जीव-जंतु, पेड़-पौधों के चित्र, फर्श पर रंग-बिरंगे आकार और सीढ़ियों पर गिनती जैसी संरचनाएं बच्चों को प्रतिदिन नई सीख प्रदान करती हैं।

यह मॉडल विशेष रूप से दृश्य-आधारित सीखने वाले छोटे बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रहा है। बाला आधारित केंद्र न केवल बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ा रहे हैं, बल्कि अभिभावकों को भी यह भरोसा दे रहे हैं कि उनके बच्चे गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। धमतरी की यह पहल प्रदेश में बेहतर प्रारंभिक शिक्षा की दिशा में एक प्रेरक कदम बन गई है।

## रामपुर स्कूल की 12 छात्राओं ने सुआ नृत्य में भाग लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

युवा कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में जिलास्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेल का आयोजन किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर की खिलखची, नंदिनी, लखेश्वरी, पोयम, विनीता, किरण, सीमा समेत 12 छात्राओं ने प्राचार्य एमआर मनहर एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू के मार्गदर्शन में सुआ नृत्य में भाग लिया। व्याख्याता आरके बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, डीके साहू, पी शर्मा, एस साहू, जे ध्रुव, एल सोन, एम ठाकुर ने हर्ष व्यक्त किया।

## गिरौद में श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह 11 से

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



ग्राम गिरौद में स्व. तगूराम साहू, स्व. रोहेला साहू, स्व. सातोबाई, स्व. शोभितराम, स्व. विराजबाई, स्व. उर्मिलाबाई साहू की स्मृति में 11 से 19 दिसंबर तक सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह कथा अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया है।

प्रवचनकर्ता पं. रामकुमार शर्मा मजरकटा गरियाबंद होंगे। संगीतमय भागवत कथा दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी। 11 दिसम्बर को प्रथम दिन कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ होगी। 12 दिसंबर को सृष्टि वर्णन ,वराह अवतार, 13 को ध्रुव चरित्र जड़ भरत कथा, 14 को प्रहलाद चरित्र समुद्र मंथन, 15 को वामन अवतार, श्री कृष्ण जन्म, 16 को बाललीला रुक्मणि विवाह, 17 को सुदामा चरित्र, 18 को परीक्षित मोक्ष तुलसी वर्षा एवं शोभायात्रा होगी। 19 दिसंबर को समापन पर गीता पाठ, यज्ञ पूर्णाहुति, महाप्रसादी का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में जीवन साहू, चमेली साहू, किशोर साहू, नेहा साहू, तुलाराम साहू, पूर्णिमा साहू, भीषमलाल साहू, सुनीता साहू, अजय, दीपक, टाकेश्वर, भावना, होमेंद्र, काव्या, विकास जुटे हुए हैं।

## स्वयंसेवकों ने निकाली उल्लास साक्षरता रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा के प्राचार्य डीएल साहू एवं कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर के दिशा-निर्देश में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने राज्य महापरीक्षा उल्लास साक्षरता को सफल बनाने के लिए उल्लास साक्षरता रैली निकाली। स्वयंसेवक तन्मय कुमार, झामेशवरी बैस और गीतांजलि ने देवरी में डोर टू डोर जाकर 28 निरक्षरों को इस महापरीक्षा उल्लास में शामिल होने की अपील की थी। इस अवसर पर बालकृष्ण साहू, अनिल कुमार साहू समेत समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

धनेन्द्र कुमार उम्र 23 वर्ष पिता तिरथराम, जाति-तेली निवासी-ग्राम चर्रा, तह.-कुरुद, जिला-धमतरी (छ.ग.) --- शपथकर्ता

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता सत्य पूर्वक नीचे लिखे अनुसार हलफन ब्यान करता हूं कि मेरा नाम व पता सकुनत ऊपर दिये अनुसार सही है।

1. यह कि मेरा नाम धनेन्द्र कुमार (DHANENDRA KUMAR) पिता तिरथराम (TIRATH RAM) है तथा मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा यही नाम अंकित है जो कि सही है। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम धनेन्द्र कुमार साहू (DHANENDRA KUMAR SAHU) पिता तिरथराम (TIRATH RAM) है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम त्रुटिपूर्ण अंकित होने से शासकीय कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरे सही नाम धनेन्द्र कुमार (DHANENDRA KUMAR) पिता तिरथराम (TIRATH RAM) अंकित कराना चाहता हूं।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा सही नाम धनेन्द्र कुमार (DHANENDRA KUMAR) पिता तिरथराम (TIRATH RAM) अंकित कराने की पुष्टि एवं समर्थन में यह शपथपत्र गजट प्रकाशन करने हेतु दे रहा हूं जो कि पूर्ण रुप से सही है।
4. यह कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण रुप से सत्य व सही है किसी प्रकार की असत्य पाये जाने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी।

अतः यह शपथपत्र मेरे नये नाम की सूचना छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशित किये जाने बाबत प्रस्तुत है।

दिनांक : 08.12.2025 शपथकर्ता धनेन्द्र कुमार

## गुरु गोरखनाथ अलंकरण से सम्मानित हुए पुनूराम

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार पुनूराम साहू को उनकी साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और पत्रकारिता सेवा कार्य समर्पण के लिए समाज गौरव विकास समिति रायपुर द्वारा गुरु गोरखनाथ अलंकरण से सम्मानित किया गया है।

रायपुर के सिविललाइन स्थित वृंदावन सभाभवन में 7 दिसंबर को आयोजित इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विवि के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल, विशेष अतिथि सेवानिवृत्ति अपर कलेक्टर नोहरराम साहू, छग प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू, समाजसेविका श्रीमती चित्ररेखा साहू, कार्यक्रम आयोजक प्रमुख डॉ सुखदेवराम साहू सरस, प्रकाशक श्रीमती उमाबाई साहू, स्वागताध्यक्ष डॉ कमलनारायण गजपाल और संचालक डॉ ऋतुराज साहू थे। कवि वीरेंद्र सरल ने बताया कि मगरलोड में 1948 को गरीब परिवार के घर में जन्मे पुनूराम साहू राज को उनके साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और पत्रकारिता सेवा कार्य एवं उपलब्धियों के लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अब तक 80 से भी अधिक सम्मान व पुरस्कार मिल चुका है।

इस अवसर पर संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति के संरक्षक जेआर साहू, सचिव आत्माराम साहू, कोषाध्यक्ष लालेश्वर सिन्हा, वरिष्ठ कवि लीलूदास मानिकपुरी, भोलाराम कुर्रे, तुमनचंद साहू, श्रीमती तेजश्वरी साहू, राजवीर साहू सहित क्षेत्रवासियों ने हर्ष जताया है।



## हितग्राही हो रहे बेहाल, अधूरे मकान बने चिंता की वजह

# प्रधानमंत्री आवास योजना की वेबसाइट ठप, किस्तें अटकीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास निर्माण करा रहे हितग्राहियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। योजना की ऑनलाइन वेबसाइट पिछले एक माह से अपडेट नहीं हो रही है, जिसके कारण जिले के सैकड़ों लाभार्थियों की किस्तें अटक गई हैं। वेबसाइट पर पुराने स्टेटस ही नजर आने से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि किस हितग्राही का पैसा जारी हुआ है और किसका नहीं। इस तकनीकी खामियां के चलते कई लोगों की पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी किस्त रुकी हुई है।

हितग्राही प्रतिदिन योजना कार्यालय पहुंचकर अपने मकान निर्माण से संबंधित जानकारी लेने आते हैं, लेकिन उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। विभागीय कर्मचारियों का कहना है कि फंड प्रॉब्लम और सिस्टम अपडेट में दिक्कत चल रही है, इसलिए अभी किसी भी स्टेटस को अपडेट नहीं किया जा सकता। हालांकि बार-बार आश्वासन दिए जा रहे हैं कि कुछ समय बाद स्थिति सामान्य हो जाएगी, लेकिन लगातार बढ़ रही देरी से लाभार्थियों में असंतोष फैलने लगा है।

शहर के हितग्राही नेहरू पटेल, सरोज बाई, रुक्मणि यादव और नरेश नेताम ने बताया कि वेबसाइट अपडेट न होने के कारण निर्माण कार्य पूरी तरह रुक गया है। उनका कहना है कि पैसा नहीं आने से मजदूरी, सीमेंट, मसाला और ईंट का भुगतान तक नहीं कर पा रहे। रुक्मणि यादव ने बताया कि मकान आधा बनकर छोड़ना पड़ गया। ठेकेदार भी अब बिना पैसे के आगे काम करने तैयार नहीं। नरेश नेताम ने कहा कि वे लगभग रोज चक्कर लगाते हैं, पर हर बार एक ही जवाब मिलता है अभी पैसा नहीं आया, कुछ दिन बाद पता करें।

हितग्राहियों का कहना है कि योजना के तहत समय पर किस्तें मिलती रहतीं तो मकान बारिश से पहले पूरा हो जाता, लेकिन अब अधूरा ढांचा भी खराब होने लगा है। कई लोगों ने चिंता जताई कि बरसात में कच्ची दीवारें गिरने का खतरा बढ़ जाएगा और पहले से किया खर्च भी बर्बाद हो सकता है।

इसी तरह कई परिवारों ने बताया कि वे छप्पर और अस्थायी झोपड़ी में गुजारा कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वेबसाइट की समस्या जल्द से जल्द दूर की जाए और उनके खाते में रुकी हुई राशि तत्काल जमा की जाए।

हितग्राहियों ने यह भी मांग की है कि यदि वेबसाइट अपडेट नहीं हो पा रही, तो विभाग कम से कम ऑफलाइन स्टेटस जारी करे, ताकि उन्हें अपने मकान निर्माण की स्थिति का सही अंदाजा मिल सके। लोगों ने सरकार से अपेक्षा जताई है कि तकनीकी समस्या को प्राथमिकता देकर हल किया जाए, जिससे जरूरतमंद परिवारों के अधूरे मकान जल्द पूरे हो सकें और उन्हें राहत मिल सके।

# स्टेशन पारा मकेश्वर वार्ड की समस्या नहीं सुलझी, पार्षद ने खुले मैदान में डाला डेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


स्टेशन पारा स्थित अपना मकेश्वर वार्ड की मूलभूत सुविधाओं के अभाव से परेशान वार्डवासियों की समस्या पर ध्यान आकर्षित करने के लिए वार्ड पार्षद रामेश्वर वर्मा उर्फ छोटू ने अनोखा विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। समाधान नहीं मिलने से नाराज पार्षद अपना बोरिया-बिस्तर लेकर डागा धर्मशाला के खुले मैदान में रहने पहुंच गए, जहां उन्होंने रात बिताई। पार्षद का कहना है कि जब तक वार्ड के लोगों को सुविधा नहीं मिलेगी, तब तक मैं यहीं मैदान में रहूंगा।

वार्ड के कई परिवार पहले अपनी समस्याओं को लेकर पार्षद के पास पहुंचे थे, परंतु जब कोई समाधान नहीं निकला तो पार्षद स्वयं मैदान में डेरा डालकर बैठ गए। वार्डवासी मुन्नी बाई, मथुरा बाई, पुष्पा बाई, आरती, गंगाबाई, ज्योति, गीता, रिकी, मुनेश्वरी, हिरौंदी बाई, शरदा बाई, गीता बाई, छोटी, बिना, केसरबाई, सुमित्रा बाई, मधु बाई सहित करीब 40 परिवार डागा धर्मशाला के आसपास बिना बिजली, बिना पानी और बिना सुरक्षा व्यवस्था के रहने को मजबूर हैं। वहां जमीन ऊबड़-खाबड़ है और रात में अंधेरा होने से बिच्छू तथा सांप का हमेशा खतरा बना रहता है, जिससे लोग पूरी रात जागकर पहरा देने को विवश हैं। पीड़ितों का कहना है कि पानी की एक बूंद भी उपलब्ध नहीं है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल बिजली, पानी एवं सुरक्षित आवास की व्यवस्था करने की मांग की है।

# स्वयंसेवकों ने किए कई रचनात्मक कार्य

- तर्रागोंदी में आयोजित हुआ सात दिवसीय रासेयो शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा



शाउमावि सिलौटी की रासेयो इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर तर्रागोंदी में 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों, शिक्षकों व ग्रामीणों ने 17 यूनिट रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को हेलमेट व प्रमाण- पत्र मानस सेवा ब्लड संस्थान द्वारा प्रदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का उपचार कर रक्त परीक्षण, बीपी, शुगर जांच व निः शुल्क दवाई का वितरण किया गया। परियोजना कार्य के तहत स्कूल परिसर, बाजार चौक, शीतला मंदिर परिसर, अटल चौक, सामुदायिक भवन, साहू समाज भवन, प्रज्ञा भवन, पंचायत परिसर आदि की सफाई स्वयंसेवकों ने की।

बेंड बाजे के साथ प्रभातफेरी गीत व नारे लगाते हुए निकाली गई। योग एवं व्यायाम सत्र का आयोजन हुआ। बौद्धिक परिचर्चा में गजानंद सोनकर, पुरुषोत्तम सिन्हा, खुमान साहू, सेवकराम बांधे, डा. अरविंद साहू, विनायक साहू, वासुदेव सोनबेर, मिथलेश सिन्हा ने अपने क्षेत्र से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी स्वयंसेवकों को दी। जिला संगठन निरंजन साहू ने शिविर का निरीक्षण कर इसकी प्रशंसा की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि चोवाराम साहू, उरेन्द्र साहू, विनायक साहू, संतराम निषाद, सुदर्शन साहू, लीलाराम साहू, खूबलाल साहू ने स्वयंसेवकों के कार्य व्यवहार की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी संतोष जैन, रानी साहू व बी. पदमा राजेश के मार्गदर्शन में सुआ, कर्मा, राऊत नाचा, आदिवासी नृत्य, बारहमासी गीत, देशभक्ति गीत, नशा मुक्ति व स्वच्छता नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन चम्पेश्वर साहू व संतोष ध्रुव ने किया।

# आवारा कुत्तों की निगरानी के लिए शिक्षकों को बनाया नोडल अधिकारी

- कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश पर छग टीचर्स एसोसिएशन ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में भी शिक्षकों को आवारा कुत्तों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी बनाया जा रहा है। इस पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला शाखा ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर जिला धमतरी द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय से प्राप्त आदेश के अनुक्रम में आवारा कुत्तों की निगरानी करने शिक्षकों को नोडल अधिकारी बनने का आदेश जारी किया जा रहा है। जिले के अधिकांश विद्यालय में बाउंड्रीवाल नहीं होने से सुरक्षा संबंधी व्यवस्था प्रभावित होती है। कुत्ते ही नहीं बल्कि गाय, बैल या अन्य पशु भी घेरा न होने के कारण अंदर घुस जाते हैं।

शासन-प्रशासन द्वारा इस पर ठोस पहल की जानी चाहिए। इस प्रकार से जारी आदेश से शिक्षक मानसिक रूप से दबाव महसूस करने लगे हैं जिनके कारण से अध्यापन कार्य प्रभावित होंगे। शिक्षकों को दबाव मुक्त रखा जाय ताकि अपना पूर्ण ध्यान छात्रों के सर्वांगीण विकास में लगा सके। ऐसे कार्यों से शिक्षक मानसिक रूप से दबाव महसूस करता है जिसके कारण मूल कार्य अर्थात शिक्षण कार्य प्रभावित होता है जो विद्यार्थियों एवं शिक्षा व्यवस्था के लिये अहितकर होगा। मांग करने वालों में जिला अध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकार, प्रांतीय उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रांतीय कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, प्रांतीय महिला प्रतिनिधि सविता छाटा, जिला महिला प्रतिनिधि बी यदु, जिला सचिव बलराम तारम, जिला कोषाध्यक्ष रामदयाल साहू, जिला उपाध्यक्षगण नंदकुमार साहू, डॉ.गणेश प्रसाद साहू, तीरथराज अटल, नारद राम बघेल, जिला महासचिव कैलाश प्रसाद साहू, डॉ आशीष नायक, राहुल नेताम, गेवाराम नेताम, शैलेंद्र कौशल, रमेश यादव, दिनेश साहू सहित अन्य हैं।

# मानिकपुरी पनिका समाज ने मनाया काला दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

8 दिसम्बर सोमवार को मानिकपुरी पनिका समाज ने देवपुर डोंगापथरा में काला दिवस मनाया। समाज के जिला अध्यक्ष रोहित दास मानिकपुरी, सचिव तेवदास मानिकपुरी ने बताया कि मानिकपुरी पनिका समाज मध्यप्रदेश के समय वर्ष 1971 के पूर्व अनूसूचित जनजाति की श्रेणी में आता था, किन्तु 1971 के बाद से पिछड़ा वर्ग कर दिया गया, तब से हमें शासन प्रशासन से विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा। हमें हर योजनाओं से वंचित होना पड़ता है। समाज के पदाधिकारियों ने शासन-प्रशासन का ध्यानाकृष्ट कराने काला दिवस मनाया। मौके पर संरक्षक कोमलदास मानिकपुरी, लीलेश्वर दास मानिकपुरी समेत अनेक समाजजन मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### एयर फोर्स में दीपक का चयन



**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम सांकरा निवासी दीपक कुमार पिता धनेश कुमार साहू का अग्निवीर भारतीय वायु सेना ( इंडियन एयरफोर्स) में चयन हुआ है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में दूसरा रैंक हासिल किया है। इस उपलब्धि पर अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

### धान खरीदी में टोकन संकट गहराया



- छग किसान यूनियन ने तकनीकी खराबी को तत्काल ठीक करने की मांग की

**धमतरी।** प्रदेशभर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हुए एक महीना बीत चुका है, लेकिन बड़ी संख्या में किसान अब भी अपना धान बेचने तक में असमर्थ हैं। टोकन कटने में हो रही देरी और एग्रीस्टेक पोर्टल की लगातार तकनीकी खराबी के चलते किसानों की परेशानियां दिनोंदिन बढ़ती जा रही हैं। छत्तीसगढ़ किसान यूनियन के घनाराम साहू ने बताया कि किसानों का पूरा जीवन खेती पर निर्भर है। खाद-बीज, दवाई, मजदूरी, मिंजाई और कुटाई जैसे सभी खर्च धान बेचकर ही चुकाए जाते हैं। ऐसे में धान खरीदी में देरी होने से किसान कर्ज और आर्थिक दबाव में बुरी तरह फंस जाते हैं। यूनियन का कहना है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी तो घोषित है, लेकिन सीमित खरीदी की शर्तों और तकनीकी बाधाओं के कारण धान बिक नहीं पा रहा। उन्होंने मांग की है कि सभी सोसाइटियों में धान खरीदी की लिमिट तुरंत बढ़ाई जाए, एग्रीस्टेक पोर्टल की तकनीकी खराबी को तत्काल ठीक किया जाए और खरीदे गए धान का उठाव प्राथमिकता के साथ शुरू किया जाए।

युवा महोत्सव में 366 और खेल स्पर्धा में 320 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

# युवा महोत्सव में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी








बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम मंगलवार को उत्साह, जोश और युवा प्रतिभा के रंग में पूरी तरह सराबोर रहा। जिला स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता में विकासखंडों से आए प्रतिभागियों ने कला और खेल की 24 से अधिक विधाओं में अपना दमखम दिखाया। लोक नृत्य, पंथी, राउत नाचा, सुआ, करमा नाचा, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा, रॉक बैंड जैसे आयोजनों में युवाओं की रचनात्मकता झलकी, वहीं एथलेटिक्स, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग और रस्साकसी में खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। युवा महोत्सव में कुल 366 और खेल स्पर्धाओं में 320 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। चयनित प्रतिभागी अब राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, धमतरी विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व विधायक रंजना साहू, नगर निगम सभापति कौशिल्या देवांगन सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का संचालन उज्ज्वला साहू ने किया।

इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व का मार्ग है। जिले की प्रतिभाएं लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रतिभाएं सामने आती हैं और युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है।

पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि धमतरी की युवा प्रतिभाएं खेल व संस्कृति दोनों में नई ऊंचाइयां छू रही हैं, यह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है।

#### विधाओं में दिखी जबरदस्त भागीदारी

पंथी नृत्य में 14, चित्रकला में 18, विज्ञान मेला में 5, लोकगीत में 17, राउत नाचा व सुआ नृत्य में 21, कहानी-कविता में 7, रॉक बैंड में 2, पारंपरिक वेशभूषा में 4 और वाद-विवाद में 2 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। महिलाओं के लिए खेलकूद में एथलेटिक्स, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग और रस्साकसी की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

#### अतिथियों ने प्रतिभागियों को पुरस्कार बांटे

समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक सूरज से परिहार, नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक चतुर्वेदी और एसडीएम पीयूष तिवारी ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग और आयोजन समिति की अहम भूमिका रही। स्टेडियम में खेलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का उत्साह देखने लायक था। जिले के युवा अब राज्यस्तरीय मंच पर अपनी छाप छोड़ने को तैयार हैं।

## समय पर कार्यालय नहीं आने वाले 65 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस



- समय-सीमा की बैठक में सख्ती, ई-ऑफिस को अनिवार्य बनाने कलेक्टर का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागवार प्रगतियों की समीक्षा कर कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकताओं को समय पर पूरा करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान उपार्जन कार्य 15 नवंबर से सुचारू रूप से जारी है। जिला प्रशासन किसानों की उपज की सुरक्षा और उन्हें उचित समर्थन मूल्य दिलाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अवैध धान परिवहन, भंडारण तथा कोचियों, बिचौलियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए उड़नदस्ता दल निरंतर सक्रिय है। उन्होंने चेकपोस्टों पर निगरानी बढ़ाने, अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने और टोकन व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी रखने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा की और कहा कि सभी पत्राचार, नस्तियां एवं रूटीन फाइलें केवल ई-ऑफिस के माध्यम से ही भेजी जाएं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कार्यालयों में समय पर उपस्थिति को लेकर भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कलेक्टोरेट परिसर में बायोमेट्रिक उपस्थिति एक दिसंबर से अनिवार्य कर दी गई है। निरीक्षण के दौरान 65 कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं पाए गए, जिनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में लगातार देरी पर वेतन कटौती भी की जाएगी और कम्पोजिट भवन, जिला पंचायत तथा अन्य सभी विभागों में भी बायोमेट्रिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# अपर कलेक्टर इंदिरा को ननि आयुक्त का प्रभार

- सुश्री देवहारी अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी के दायित्वों का भी निर्वहन करेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी







नगर निगम के प्रशासनिक ढांचे में अहम बदलाव करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने महत्वपूर्ण आदेश जारी कर दिए हैं। आयुक्त सुश्री प्रिया गोयल के चिकित्सकीय अवकाश पर जाने के कारण निगम के कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसे ध्यान में रखते हुए अपर कलेक्टर सुश्री इंदिरा देवहारी को नगर निगम धमतरी का अतिरिक्त प्रभार सौंपने पर सहमति प्रदान की गई है।

संदर्भित पत्र के अनुसार नगर निगम आयुक्त का पद वर्तमान में एसआईआर अवधि में अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में भी पदाभिहित है। लिहाज़ा, प्रिया गोयल की अवकाश अवधि में प्रभारी आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालने वाली इंदिरा देवहारी इस दौरान अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी धमतरी के दायित्वों का भी निर्वहन करेंगी। इस प्रस्ताव पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के यशवंत कुमार द्वारा औपचारिक सहमति दी गई है।

सामान्य प्रशासन विभाग को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया कि अवकाश अवधि में प्रशासनिक सुचारूता बनाए रखने तथा चुनावी गतिविधियों को निर्बाध रूप से संचालित करने के उद्देश्य से यह व्यवस्था आवश्यक है। आदेश की प्रतिलिपि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को भी सूचनार्थ प्रेषित कर दी गई है।

इस निर्णय के साथ नगर निगम धमतरी के आगामी दिनों में प्रशासनिक गतिविधियों के फिर से तेज़ होने की उम्मीद जताई जा रही है। शहर के विकास कार्य, लंबित फाइलें और नागरिक सुविधाओं से जुड़े फैसले अब नई गति पकड़ेंगे। नगर निगम में नई कमान संभालना इंदिरा देवहारी के लिए भी बड़ी जिम्मेदारी माना जा रहा है, जिससे धमतरी के प्रशासनिक ढांचा में नई ऊर्जा आने की संभावना है।



### मोटर रिवाइंडिंग का मिलेगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) धमतरी में 30 दिवसीय निःशुल्क इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग और मरम्मत प्रशिक्षण के लिए 12 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बिजली के उपकरणों, बिजली, वर्तमान वोल्टेज, कंडक्टर इन्सुलेटर और सेमी कंडक्टर वाल्टमीटर और एम्मिटर कनेक्शन एमसीबी, टीपी मोटर्स, आरपीएम के प्रकार, वॉशिंग मशीन यूनिवर्सल मोटर व मिक्सर सभी प्रकार के मोटर रिवाइंडिंग एवं मोटर मरम्मत आदि की जानकारी दी जायेगी।

## प्रशिक्षण संस्था में 15 तक उपस्थित होने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


युवा करियर निर्माण योजनान्तर्गत प्री- मेडिकल एवं प्री. इंजीनियरिंग परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण सेंटर में प्रवेश के लिए बीते 2 दिसंबर 2025 को प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसके आधार पर छात्र-छात्राओं की मेरिट सूची तैयार कर विभागीय वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट ट्रिबल डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन पर अपलोड किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए मेसर्स कैरियर पॉइन्ट एडुकेट लिमिटेड साइंस कॉलेज कैम्पस, दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर का चयन किया गया है।

उन्होंने बताया कि संस्था आवासीय है। हॉस्टल और मेस आदि की सुविधा निःशुल्क है। कलेक्टोरेट स्थित कक्ष क्रमांक-85 स्थित आदिवासी विकास विभाग में 12 दिसंबर तक घोषणा पत्र उपलब्ध कराते हुए उक्त प्रशिक्षण संस्था में 15 दिसंबर तक अनिवार्यतः उपस्थिति देनी होगी।

# धमतरी को मिली पहली हाईटेक श्रीगणेश डिजिटल लाइब्रेरी

- मोबाइल-लैपटॉप चार्जिंग प्वाइंट, हाईस्पीड वाईफाई, शुद्ध पेयजल, पार्किंग की सुविधा
- 170 सीट क्षमता वाली लाइब्रेरी में वर्तमान में 60 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



उच्च शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अब सफलता की राह और आसान हो गई है। बड़े शहरों की तर्ज पर धमतरी में भी आधुनिक सुविधाओं से लैस श्री गणेश डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत हो चुकी है। रत्नाबांधा रोड स्थित सिद्धि विनायक टॉवर में खुली यह लाइब्रेरी युवाओं के लिए पढ़ाई का नया केंद्र बनकर उभरी है, जहां शांत माहौल में दर्जनों छात्र 10 से 12 घंटे तक लगातार अध्ययन कर रहे हैं।

युवाओं का कहना है कि आज के समय में पढ़ाई के लिए शांत और व्यवस्थित माहौल मिलना कठिन है। ऐसे में प्राइवेट डिजिटल लाइब्रेरी ही सबसे बेहतर विकल्प बनकर सामने आई है। धमतरी में पहले केवल एक सरकारी लाइब्रेरी संचालित थी, जहां जगह की कमी और बैठने की दिक्कतें थीं। इसी कमी को दूर करने के उद्देश्य से संचालिका कामिनी सिन्हा ने 18 अक्टूबर 2025 को श्रीगणेश डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत की। 170 सीट क्षमता वाली इस लाइब्रेरी में वर्तमान में 60 विद्यार्थी नियमित अध्ययन कर रहे हैं।

कामिनी सिन्हा बीई सिविल इंजीनियरिंग कर चुकी हैं और रायपुर में 2-3 साल विभिन्न निजी लाइब्रेरी में अध्ययन का अनुभव भी रखती हैं। उन्होंने बताया कि धमतरी के सरकारी पुस्तकालय में अध्ययन के दौरान उन्हें इस शहर में एक बड़े निजी डिजिटल लाइब्रेरी की आवश्यकता का गहरा अनुभव हुआ। इसी आधार पर उन्होंने युवाओं के लिए एक सर्वसुविधायुक्त अध्ययन केंद्र स्थापित करने का निश्चय किया। वे पूर्व प्राचार्य एचएल सिन्हा एवं डॉ. श्रीमती अन्नपूर्णा सिन्हा की पुत्रवधू हैं। वर्तमान में लाइब्रेरी संचालन के साथ-साथ पीएससी व व्यापमं की तैयारी भी कर रही हैं।

यह डिजिटल लाइब्रेरी एयर कंडीशन है और हर विद्यार्थी को अलग निजी केबिन, आरामदायक कुर्सी, मोबाइल-लैपटॉप चार्जिंग प्वाइंट, हाई स्पीड वाईफाई, आरओ शुद्ध पेयजल, टिफिन रखने की व्यवस्था, पर्याप्त पार्किंग व बेहतर हाइजीन की सुविधा दी जा रही है। लाइब्रेरी में करेंट अफेयर्स, हिंदी-अंग्रेजी मैग्जीन और नियमित समाचारपत्र भी उपलब्ध हैं।

लाइब्रेरी के खुलने का समय सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक है। मासिक शुल्क 499 से 1200 रुपए है, जिसके आधार पर सीट और केबिन का चयन किया जा सकता है। यहां हाउसवाइफ, जॉब वर्किंग युवा, कॉलेज स्टूडेंट और प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी सुबह से देर रात तक अपनी तैयारी में जुटे रहते हैं। ग्रामीण अंचल से आने वाले प्रतिभागियों के लिए यह लाइब्रेरी अध्ययन का सबसे विश्वसनीय ठिकाना बन चुकी है।

धमतरी शहर के साथ-साथ आसपास के गांव अर्जुनी, रूद्री, लोहरसी, आमदी, पलारी, पोटियाडीह, संबलपुर, सेमरा (भखारा), गुरुर तथा पड़ोसी जिलों कांकेर और बालोद से भी विद्यार्थी यहां अध्ययन करने पहुंच रहे हैं।

#### क्या कहते हैं विद्यार्थी

ग्राम भिराई के सृजन साहू ने बताया कि वे नीट की तैयारी कर रहे हैं और रोज सुबह से शाम तक लाइब्रेरी में पढ़ते हैं। यहां शांति है। मोबाइल चार्जिंग पॉइंट और वाईफाई की बेहतर सुविधा है।

विद्यार्थी दीया दुलानी ने कहा कि 12वीं के बाद वे नीट की तैयारी कर रही हैं और इस प्राइवेट लाइब्रेरी में पढ़ाई के दौरान कोई डिस्टर्ब नहीं करता। लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग व्हाट्सऐप ग्रुप और स्थायी सीट व्यवस्था होने से पढ़ाई में निरंतरता बनी रहती है।

ग्राम आमदी के विरेंद्र साहू ने बताया कि वे पहले भिलाई में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते थे। अब श्रीगणेश डिजिटल लाइब्रेरी में प्रतिदिन 7-8 घंटे पढ़ाई कर रहे हैं। जल संसाधन विभाग और रेलवे दोनों परीक्षाओं में चयन होने के बाद अब वे अगले लक्ष्य की तैयारी इसी लाइब्रेरी में कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां का शांत माहौल, आरामदायक सीट और व्यवस्थित व्यवस्था पढ़ाई में लगातार फोकस बनाए रखने में मदद करती है।

रांवा के अनेक ग्रामीणों ने कलेक्टर से कानूनी कार्रवाई की मांग की

# कंपनी बंद होने के बाद भी एजेंट रकम वसूलता रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सहारा इंडिया कंपनी बंद होने के बाद भी डेढ़ वर्षों से राशि वसूल रहे एक एजेंट के खिलाफ ग्राम रांवा के ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत की है। ग्रामीणों ने एजेंट रमेश साहू के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण दीपक सिन्हा, गणेश साहू, कृष्णा सेन, मोहन साहू, पद्मनी साहू, इंद्रकुमार, कुंतीबाई, ईश्वर सिन्हा, रोशन आदि ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम रांवा के दर्जनों लोग सहारा इंडिया में मासिक, त्रैमासिक, वार्षिक एफडी जमा करते थे। सहारा कंपनी बंद होने के बाद भी गांव का रमेश साहू पिछले डेढ़ साल से वसूली करता रहा। उसने कंपनी बंद होने की जानकारी भी नहीं दी। रकम वापसी के लिए वह दो साल से गुमराह कर रहा है। ऐजेंट ने वादा किया था कि कंपनी अगर पैसा वापस नहीं करती है तो वह स्वयं राशि वापस करेगा। अब राशि वापस करने में अब गुमराह कर रहा है। सहारा पोर्टल में चेक करने पर जमाकर्ता का नाम और राशि नहीं दिखा रहा है। उन्हें जमा राशि की रसीद भी नहीं दी गई है। अब वे आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। राशि जमा करने वाले सभी गरीब तथा रोजी मजदूरी करने वाले हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से एजेंट से राशि दिलवाने एवं कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में एजेंट रमेश साहू से संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका है।

### मोतिमपुर में विभिन्न निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**मगरलोड।** ग्राम पंचायत मोतिमपुर में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। भाटापारा में रंगमंच के लिए 4 लाख रुपए विधायक मद से प्रभारी मंत्री द्वारा स्वीकृत किया गया है। जिला पंचायत सभापति द्वारा 4 लाख रुपए का मुरुम कार्य, जनपद सदस्य सरिता कश्यप द्वारा नाली निर्माण मरम्मत कार्य स्कूल से शिवमन्दिर तक 2 लाख रुपए से किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती मीना साहू, श्रीमती सरिता कश्यप, श्रीमती खिलेश्वरी साहू, चन्द्रहास साहू, चुम्मनलाल साहू, नंदनी साहू, तुलसी साहू, यशोदा साहू, शांति कुर्रे, हिराऊ मान्डे, नारायण साहू, गोवर्धनलाल मान्डे, अर्जुनलाल साहू सहित अनके ग्रामीण शामिल रहे।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

online Booking:-www.tripuryatra.com




बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

मांगों पर विचार नहीं किये जाने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता पर बिफरा चेंबर आफ कामर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता के खिलाफ धमतरी चेंबर आफ कामर्स ने मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने कहा है कि उनकी न्यायसंगत मांगों पर विचार नहीं किया गया तो व्यापारी समाज के अस्तित्व की रक्षा के लिए सड़क पर उतरने और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। धमतरी चेंबर आफ कामर्स ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात कर ट्रेड लाइसेंस के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि राज्य के नगरीय निकायों में हाल में लागू की गई ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता और इसके अव्यवहारिक प्रावधानों पर यह नीति इज आफ डूईंग बिजनेस की बजाय इन्ड आफ डूईंग बिजनेस साबित होगी। सरकार ने ट्रेड लाइसेंस की वैधता 2 वर्ष रखी है। व्यापारी हर दूसरे साल रिन्युअल की लाइन में खड़ा रहेगा। रिन्युअल में चूक होने पर 15 प्रतिशत का अर्थदंड और दुकान सील करने जैसा कठोर कदम इंस्पेक्टर राज और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देगा। यह व्यापारियों पर मानसिक उत्पीड़न होगा। छत्तीसगढ़ नगर पालिक अधिनियम के तहत व्यापारी अपनी दुकान का संपत्ति कर पहले से चुका रहा है। व्यापारियों का कमर्शियल टैक्स आवासीय से कई गुना अधिक है। जब दुकानों की क्षेत्र के हिसाब से बढ़ी हुई संपत्ति ली जाती है तो उसी क्षेत्रफल पर ट्रेड लाइसेंस के नाम पर दोबारा वसूली करना दोहरा कराधान है। जहां छोटे व्यापारी दस से कम कर्मचारी काम करते है, वहां श्रम विभाग ने गुमास्ता से मुक्त किया था। अब उन पर ट्रेड लाइसेंस थोप दिया गया है जिससे राहत का उद्देश्य ही समाप्त हो गया है। बड़े व्यापारी जहां 10 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, उन्हें पहले से गुमास्ता और कर्मचारी राज्य बीमा के तहत सैलरी का 4 प्रतिशत हर माह जमा करना पड़ता है। अब ट्रेड लाइसेंस व्यापारियों पर तीसरी मार होगी। व्यापारियों ने कहा है कि वर्तमान में अमेजन, फ्लिपकार्ड और रिलायंस जैसे आनलाइन दिग्गजों के कारण स्थानीय खुदरा बाजार 55 प्रतिशत से ज्यादा जा चुका है। दुकानों के शटर गिर रहे हैं। ऐसे में सरकार को राहत पैकेज देना चाहिए न कि पेनाल्टी और टैक्स का भय दिखाना चाहिए। एक व्यापारी व्यावसायिक संपत्ति कर, समेकित कर, साफ-सफाई यूजर चार्ज, बिजली बिल-कमर्शियल-ड्यूटी विज्ञापन, साइनबोर्ड कर, ईएसआई, गुमास्ता शुल्क, जीएसटी अब ट्रेड लाइसेंस का भुगतान कर रहा है।

चेंबर आफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश रोहरा, प्रदेश मंत्री आलोक पाण्डेय, जिलाध्यक्ष कैलाश कुकरेजा ने गुमास्ता की तरह ट्रेड लाइसेंस को आजीवन करने, समय पर रिन्युअल नहीं होने पर दमनकारी नियम को तत्काल हटाने, ट्रेड लाइसेंस को पंजीयन प्रक्रिया मानकर इसे निःशुल्क रखने, नगरीय निकाय एवं श्रम विभाग की नीतियों में एकरूपता लाने की मांग की है। व्यापारियों की न्यायसंगत मांग पर विचार नहीं करने पर व्यापारी समाज अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान चेंबर आफ कामर्स के व्यापारी मौजूद थे।